| महत्वपूर्ण नंबर | | फायर स्टेशन | एम्बुलेंस | |
|---|---|---|---|---|
| वूमेन पावर लाइन | 1090 | हजरतगंज- कंट्रोल रूम 9454418642 | मेडिकल सेवा- | 102, 108 |
| पुलिस | 100 / 2629999 | गोमती नगर-9454418657 | | |
| पुलिस स्टेशन गंज | 2622556 | | | |



# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

मलिहाबाद। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हरदोईझ्लखनऊ मार्ग पर डिवाइडर तोड़कर दूसरी पटरी पर आए तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा बंजारन खेड़ा और भतोइया गांव के बीच हुआ।

जानकारी के अनुसार हरदोई की ओर जा रहा ट्रक अचानक डिवाइडर पार कर लखनऊ की दिशा में पहुंच गया, जहां उसने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मोटरसाइकिल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मृतक की पहचान सीतापुर जनपद के थाना सिधौली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बालजाति निवासी 29 वर्षीय करन उर्फ शुभम के रूप में हुई है। हादसे में करन के सिर और पैर में गंभीर चोटें आई थीं। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके से भाग रहे ट्रक को पुलिस ने रहीमाबाद चौराहे के पास चालक सहित पकड़ लिया। इस संबंध में रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। परिजनों के आने पर तहरीर के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ट्रक और चालक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

## नाबालिग को भगाने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




मलिहाबाद। रहीमाबाद थाना क्षेत्र में नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से भगाने के मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता को सकुशल बरामद कर लिया है।

इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि बीती 29 जनवरी को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी लगभग 15 वर्षीय बहन को एक युवक प्रेम जाल में फंसाकर शादी की नीयत से भगा ले गया है। तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस टीम ने 31 जनवरी, शनिवार की शाम मुखबिर की सूचना पर अहमदाबाद कटौली बस स्टैंड से पीड़िता को बरामद किया। मौके से अभियुक्त सुभाष यादव (उम्र करीब 19 वर्ष), निवासी ग्राम गॉगन, थाना माल, जनपद लखनऊ को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर शादी करने की नीयत से भगा ले गया था। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को रविवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

**पैसों की तंगी के चलते इंजीनियर ने किया सुसाइट:** सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रह रहे सिविल इंजीनियर शिवम त्रिपाठी ने पंखे से चादर के सहारे लटक कर आत्महत्या कर ली। मृतक का रविवार की रॉक को उसके फ्लैट में चादर के सारे पंखे से लटकता मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों का आरोप है कि पार्टनर ने पैसे में घपला किया था, जिसको लेकर शिवम त्रिपाठी काफी दिनों से परेशान चल रहा था। परिजनों ने उसके पार्टनरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही है।

## पार्षद को छुड़ाने के लिए थाने के बाहर हंगामा

लखनऊ। गाजीपुर थाना क्षेत्र में न्यायालय के आदेश पर मकान खाली कराने के बाद क्षेत्रीय पार्षद के नेतृत्व में कुछ लोगों ने थाने के बाहर एकत्र होकर हंगामा किया। बताया जा रहा है कि सीनियर डिवीजन कोर्ट से जितेन्द्र मोहन के पक्ष में मकान खाली करने का आदेश हुआ था, जिस पर पुलिस ने कब्जा दिलाने के बाद मकान पर ताला लगवा दिया था। मकान पर लगे ताले को क्षेत्रीय पार्षद सुरेन्द्र बाल्मीकी ने तुढ़वा दिया था, जिसके बाद पुलिस सोमवार को सुरेन्द्र को पकढ़कर खींचते हुए थाने ले गयी थी। इस के बाद कुछ सफाईकर्मियों ने बढ़ी सख्या में थाने के बाही एकत्र होकर हंगाम किया और पार्षद को छोढ़ने की मांग की। पुलिस अधिकारियों के समझाने के बाद मामला शान्त हुआ। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जा रही है।

## स्कूल के लिए निकला छात्र संदिग्ध परिस्थिति में लापता

लखनऊ। सरोजनी नगर में बीते दिनों घर से फीस जमा करने स्कूल के लिए निकला कक्षा 12 का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस तहरीर लेकर सीसीटीवी कैमरों के सहारे उसका पता लगा रही है। सरोजनी नगर के गौरी स्थित सिद्धार्थ नगर निवासी अमित साहू की पत्नी ममता साहू के मुताबिक उनका17 वर्षीय बेटा अमन कुमार साहू क्षेत्र के ही एक प्राइवेट कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। उनका कहना है कि अमन बीती 29 जनवरी की सुबह करीब 9:30 बजे घर से 17500 रुपये लेकर फीस जमा करने स्कूल गया था। लेकिन स्कूल में छुट्टी होने के बाद भी वह वापस नहीं लौटा। जब उसके फोन पर संपर्क किया गया तो उसने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ है, कुछ देर में आ रहा। लेकिन काफी देर बाद भी नहीं आया। कुछ समय बीतने के बाद दोबारा जब फोन पर संपर्क किया गया तो उसने 15 मिनट में घर पहुंचने की बात कही। लेकिन फिर भी घर नहीं पहुंचा। इसके कुछ देर बाद दोबारा फोन करने पर उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। तब इसकी सूचना सरोजनी नगर थाने पर दी गई। फिलहाल पुलिस पीड़ित परिजनों की तहरीर के आधार पर सीसीटीवी कैमरों के सहारे उसका पता लगा रही है।

## मोबाइल के बहाने पत्नी को बुला पति ने प्रेमिका से पिटवाया, वीडियो वायरल, मुकदमा दर्ज

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में बीते चार दिन पूर्व सड़क पर महिलाओं द्वारा एक महिला के साथ मारपीट का वीडियो रविवार को वायरल हो गया जिसपर हरकत में आई कृष्णा नगर पुलिस ने रविवार को पीड़िता की नामजद शिकायत पर चार महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया थाना क्षेत्र स्थित न्यूइंद्रलोक कॉलोनी केसरी खेड़ा निवासिनी पीडिता अंजली गुप्ता पत्नी मनोज कुमार गुप्ता के अनुसार बीते चार दिन पूर्व 28 जनवरी बुधवार को उसके पति ने मोबाइल फोन देने के लिए उसे अलीनगर सुनहरा बगीचे में बुलाया था जहां उसके पति मौजूद नहीं थे लेकिन पति की प्रेमिका काजल गौतम से मुलाकात हो गई जो बिना किसी बात के उसके संग गाली गलौज करने लगी। जिसके बावजूद भी वह अपने घर को चल पड़ी। आरोप है कि उस दौरान काजल की मां सुनीता ने रास्ता रोक लिया और पीछे से काजल ने उसके सर पर डंडे से वार कर दिया जिससे वह नीचे गिर पड़ी और काजल, काजल की मां सुनीता और काजल की मौसेरी बहन उसपर हमलावर हो गई, महिलाओं की मारपीट देख आसपास लोगों की भारी भीड़ एकत्र हो गई और राहगीरों ने इस मारपीट का वीडियो बनाना शुरू कर दिया जो वीडियो दो दिन बाद वायरल हो गया। पुलिस के अनुसार मारपीट की शिकार पीड़िता की शिकायत पर काजल गौतम और काजल गौतम की माँ सुनीता सहित सुनीता की बहन बेटी के खिलाफ रविवार को मारपीट धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई की जा रही है।

## दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचा मकान मालिक

लखनऊ। बलरामपुर जिले के रहने वाले शिवम त्रिपाठी सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित रिश्ता मैनहैटन में टावर नंबर अ2 फ्लैट संख्या 407 में किराए पर फ्लैट लेकर रहते थे। 1 फरवरी की शाम मकान मालिक फ्लैट पर पहुंचा। काफी देर तक आवाज लगाने के बावजूद दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद फ्लैट मालिक और सिक्योरिटी गार्ड ने वीडियो बनाते हुए फ्लैट का दरवाजा तोड़ा, अंदर जाकर देखा तो शिवम पंखे के सहारे फंदे से झूल रहा था।

## फॉर्म हाउस से लाखों के उपकरण और कीमती सामान चोरी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित एक फॉर्म हाउस से लाखों रुपए कीमत के उपकरण और कीमती सामान चोरी हो गया। सुबह जानकारी होने पर पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली पुलिस को नामजद तहरीर दी है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

गोमतीनगर के मकान नंबर 4/69 विपुल खंड निवासी शम्भू शरण यादव ने बताया कि नूरपुर बेहटा थाना सुशान्त गोल्फ सिटी में एक कृषि भूमि क्रय किया था, जिसकी सिंचाई एवं अन्य व्यवस्था के लिए एक कमरा एवं स्टोर रूम मय बाउण्ड्रीवाल बनवाया था। साथ ही सीसीटीवी कैमरा एंव सोलर सिस्टम लगवाया था। पीड़ित के मुताबिक बीती 28 जनवरी को संदिग्ध चोरों ने गेट का दरवाजा एवं कमरे का फाटक का ताला एवं सिटकनी तोड़कर 7 बैटरी इन्वर्टर-1, म्यूजिक सिस्टम, झटका मशीन व उसकी बैटरी, दो फावड़ा व सीसीटीवी कैमरे का मशीन तोड़कर उसका कैमरा एवं डीवीआर चोरी करके लेकर चले गये। कैम्पस के अन्दर रखी बाइक का ताला भी तोड़ दिया, लेकिन उसे नहीं ले गये। मौके पर गया तो गांव के लोगों ने बताया कि गांव के दो युवक अमन यादव व लवकुश यादव जो बिजली का काम करते हैं और इस तरह की चोरी की घटनाओं का अंजाम देते हैं। इस सूचना पर जब मैं उनके घर जाकर कुछ जानकारी करनी चाही तो पता चला कि वे सब आज सुबह से घर से गायब हैं। पीड़ित ने बताया कि उसे पूर्ण विश्वास है कि इन लोगों ने ही घटना कारित की है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर नाम मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है।

# रिटायर्ड वायुसेना अधिकारी को गोली मारने वालों तक नहीं पहुंच सकी पुलिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में शुक्रवार की रात रेस्टोरेंट संचालक रिटायर्ड वायुसेना के अधिकारी को शुक्रवार की रात गोली मारने वालो हमलावरो तक पुलिस नही पहुंच सकी। तीन दिन बाद भी हमलावर पुलिस की गिरफ्त से दूर है।

घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी से कोई सुराग पुलिस को नही मिले। जानकारी के मुताबिक संतकबीर नगर के रहने वाले अवधेश पाठक वर्तमान में कबीरपुर थाना गोसाईंगंज लखनऊ वायुसेना से सेवानिवृत्त अधिकारी है। वह अपनी पत्नी मिथलेश पाठक के साथ सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र के शॉपिंग स्क्वायर काम्प्लेक्स में सेक्टर-डी में रसोई बाय माँ के नाम से रेस्टोरेंट का संचालन करते है, जिसमें खाने पीने का सामान पार्सल किया जाता है। वह शुक्रवार की रात लगभग 10.30 बजे रेस्टोरेंट बंद करने के समय कुछ सामान वहां से निकालकर कार में रखने गए थे, तभी दो अज्ञात व्यक्ति बाइक से आये जिसमे से एक व्यक्ति अवधेश से कुछ बात करने लगा इसी बीच दूसरे व्यक्ति ने उनको गोली मार दी उसके बाद दोनों व्यक्ति फरार हो गए। जबकि घायल अवस्था मे अवधेश अपने रेस्टोरेंट के अंदर जान बचाकर रेस्टोरेंट में कार्य कर रही पत्नी की तरफ भागे। पत्नी ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है लेकिन 3 दिन बाद भी पुलिस खाली हाथ है। वह हमलावरों तक नही पहुंच सकी। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार जांच में जुटी है। लेकिन घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी से कोई सुराग नही मिल सका। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है। जिससे हमलावरों को गिरफ्तार किया जा सके। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी से कोई सुराग नही मिला अब रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया की जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार किया जायेगा।

## बंद मकान का ताला तोड़कर कीमती जेवर व नकदी चोरी

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में घूम रहे चोरों ने बीते मंगलवार को एक बंद मकान का ताला तोड़ कीमती जेवर व नकदी चोरी कर फरार हो गए।

आशियाना थाना इलाके स्थित रुचिखण्ड प्रथम निवासिनी शाहेदा हुसैन पत्नी स्व. अनवर हुसैन ने बताया कि वह बीते 27 जनवरी की शाम करीब 4 बजे वह अपने परिवार के साथ अपने दामाद के पिता का आपरेशन के लिए घर में ताला बंद करके खदरा मे सारन अस्पताल गई थी। अगले दिन 28 जनवरी को वापस लौटने पर घर के दरवाजे खुले हुये थे और सारा सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा था, जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है।

## शादी से 11 दिन पहले डंपर की टक्कर से गयी युवक की जान, ममेरा भाई घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। बीबीडी थाना क्षेत्र में शादी का निमंत्रण देने जा रहे गोपी कुमार (30) की बाइक को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। हादसे में गोपी की मौत हो गई, जबकि उसका ममेरे भाई गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार में मातम का माहौल है। गोपी की शादी 13 फरवरी को होने वाली थी। घर में खुशी का माहौल था, लेकिन इस घटना से पूरे परिवार में शोक की लहर है।

बताते हैं बीबीडी थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम अपनी शादी का निमंत्रण देने जा रहे बाइक सवार को तेज रफ्तार डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी कि दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरे। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को ट्रामा सेंटर लेकर पहुंची, जहां डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरे की हालत गंभीर बताते हुए भर्ती कर इलाज जारी किया। वहीं पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। गुडंम्बा के श्रीकृष्णा पुरवा में गोपी कुमार परिवार संग रहता था। चाचा राधेलाल ने बताया कि 13 फरवरी को गोपी का विवाह होना था। 9 फरवरी को उसका तिलक होना था। वह शनिवार देर शाम अपने ममेरे भाई गोविंद संग बाइक से शादी का कार्ड बांटने को निकला था। जैसे ही वह किसान पथ आनंदी वाटर पार्क के पास पहुंचा कि पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी दोनों बाइक से उछल कर सड़क पर जा गिरे। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। इस बीच किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर हादसे की जानकारी दी। सूचना पाकर बीबीडी थाने का फोर्स मौके पर पहुंचा। पुलिस ने दोनों लहूलुहान हालत में ट्रामा सेंटर ले कर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने गोपी को मृत घोषित कर दिया। घायल गोविंद की हालत गंभीर बताते हुए भर्ती कर लिया। वहीं पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के पिता ने पुलिस को वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। शादी वाले घर में छाया मातम गोपी की मौत की खबर जैसे ही घर पहुंची। परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के लोग आनन-फानन में ट्रामा सेंटर के लिए निकले। वह जैसे ही अस्पताल पहुंचे कि गोपी का शव स्ट्रेचर पर पड़ा हुआ था। बेटे का शव देखकर पिता बेसुध हो गए। साथ गए नाते-रिश्तेदारों ने पानी डालकर उन्हें होश में लाए। रिश्तेदारों ने बताया कि घर पर गोपी की शादी की तैयारी चल रही थी। सभी खुश थे जैसे ही गोपी की मौत की खबर घर आई वैसे ही मातम छा गया। गोपी की मौत की खबर से दुल्हन हुई बेहोश गोपी की मौत की खबर घर पहुंची तो कोहराम मच गया। गोपी के परिजनों ने दुल्हन के घर पर उसके मौत की जानकारी दी। गोपी की मौत की खबर सुनते ही दुल्हन बेहोश हो गई। वहां मौजूद लोगों ने पानी की छींट मारकर उसे होश में लाए। गोपी की मौत से दोनों परिवारों में मातम पसरा है।

## राहुल की गुमशुदगी व अपहरण की गुत्थी सुलझाने में नाकाम रही पुलिस

लखनऊ। काकोरी सर्किल में बीते शनिवार को काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम चकौली निवासी राहुल रावत (20) बीती शनिवार 24 मई 2025 की रात 11 बजे से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था, जिससे उनके परिजन अनहोनी की आशंका से बुरी तरह डरे हुए हैं। राहुल के गायब होने के बाद से उनकी मां का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि राहुल रात करीब 11 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे स्थित अपनी चाय की दुकान से घर वापस आ रहा था, जब काफी देर रात तक वह घर नहीं पहुंचा और उनका फोन भी बंद आने लगा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश करने के बाद भी जब राहुल का कहीं कोई पता नहीं चला तो पीड़ित परिवार ने पहले पारा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, जहां गुमशुदगी दर्ज की गई है। इसके बाद काकोरी थाने में भी गुमशुदगी दर्ज कराई गई है, लेकिन दोनों जगह से कोई प्रभावी कार्यवाही न होने से कोई पता नहीं चल पाया।

राहुल के परिजनों ने आशंका जताई है कि उसका अपहरण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि राहुल के खाते से 5 लाख रुपये निकाले गए हैं और उनका फोन भी दो-तीन बार खुला है। परिजनों को डर है कि अपहरणकर्ता राहुल के फोन का इस्तेमाल रुपए ट्रांसफर करवाने के लिए कर रहे हैं। इस आशंका के चलते पीड़ित परिवार ने बैंक जाकर राहुल के खाते से होने वाले लेनदेन को रुकवा दिया है।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक पारा और काकोरी पुलिस दोनों ही इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही हैं और राहुल की तलाश में जुटी हैं। परिजनों ने पुलिस से जल्द से जल्द राहुल का पता लगाने और उन्हें सुरक्षित वापस लाने की गुहार लगाई है।

## आगजनी व मारपीट के आरोपितों को भेजा जेल

लखनऊ। काकोरी कोतवाली क्षेत्र में बीते रविवार को नाली के विवाद में दबंगों ने मारपीट कर दुकान जलाने के मामले में काकोरी में मुकदमा दर्ज किया गया था। वारदात में शामिल रहे 4 नामजद आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश राठौर ने बताया कि नामजद आरोपित भोला, बउवा, दीपांशु व रितांशु को जेल भेज दिया गया है।

पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली ई-निविदा सूचना** NER-LJN-2026-22

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है – **ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2026-22, कार्य का नाम :** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल : लखनऊ सिटी स्टेशन के ऐशबाग छोर पर स्थित पुराने एफओबी का उन्नयन/सुधार, **अनुमानित लागत** : रु. 1,71,56,612.39, **अग्रिम धन** : रु. 2,35,800.00, **समापन अवधि** : 06 माह। **1.** उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-22** के लिए ई-निविदा दिनांक **24.02.2026** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

**मुजाधि/डब्ल्यू-445**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

सूचना

सर्व विदित हो कि हमने अपने पुत्र मोहम्मद सईद एवं पुत्र वधू रुखसार बानो को गलत चाल चलन के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल व सारे संबंध समाप्त कर दिया है। भविष्य में इन दोनों पति पत्नी के द्वारा किये गए किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **अब्दुल अजीज खान पुत्र स्वर्गीय अब्दुल मजीद खान, जरीना बानो पत्नी अब्दुल अजीज खान निवासी 155/243 क चमर टोलिया मौलवीगंज थाना अमीनाबाद लखनऊ**

सूचना

सूचित हो कि मैंने एक कच्चा प्लाट मौजा-लडाकापुरवा जे.ए. परगना व जिला बांदा जिसका गाटा सं.-1203 में क्रय किया था जो उपनिबन्धक कार्यालय बांदा में दिनांक 28.03.2009 को पंजीकृत हुआ था जिसका जिल्द सं.-3093 पृष्ठ सं. 71 से 90 पर क्रमांक 1745 को विक्रेता श्रीमती कोयली पत्नी राम सेवक नि.मु.कालू कुआ शहर बांदा से क्रय किया था। **श्रीमती संगीता देवी पत्नी विरेन्द्र कुमार नि. ग्राम महोखर परगना व जिला बांदा।**

## माघ मेला में श्रद्धालुओं को दी गयी हर संभव सहायता

**लखनऊ।** माघ मेल 2026 के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक रामकृष्ण स्वर्णकार के निर्देशन व पीएसी नोडल अधिकारी सर्वेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पीएसी द्वारा मेला क्षेत्र में सुरक्षा एवं राहत व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है।

मेला क्षेत्र में पीएसी की कुल 16 कंपनियों को चरणबद्ध एवं सुनियोजित ढंग से तैनात किया गया है। इसमें 7 कम्पनी कानून-व्यवस्था एवं भीड़ नियंत्रण ड्यूटी में तैनात हैं। 7 कम्पनी बाढ़ राहत एवं जल-क्षेत्र सुरक्षा ड्यूटी में, 2 कम्पनी जीआरपी ड्यूटी में कार्यरत रहीं। इसके अतिरिक्त मुख्य स्नान पर्वों के अवसर पर स्थिति की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए 5 पीएसी कंपनियों की अतिरिक्त तैनाती की गई, जिससे सुरक्षा-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया गया।

मेला अवधि के दौरान पीएसी के जवानों द्वारा घाटों की सुरक्षा, श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन, यातायात व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों पर सतत निगरानी तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने का दायित्व पूरी निष्ठा, अनुशासन एवं तत्परता के साथ किया गया। संभावित आपदा परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पीएसी के बाढ़ राहत दल को पूर्ण रूप से सतर्क एवं सक्रिय रखा गया। राहत दल द्वारा नदी क्षेत्र में निरंतर पेट्रोलिंग, निगरानी तथा आवश्यकत ानुसार त्वरित बचाव एवं राहत कार्य किए गए। पीएसी की सजगता एवं त्वरित कार्रवाई के परिणाम स्वरूप मेला अवधि में किसी भी प्रकार की जनहानि अथवा अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है। पीएसी के जवानों ने कर्तव्यनिष्ठा के साथ-साथ मानवीय संवेदनशीलता का भी परिचय देते हुए श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है।

# खेल रहे मासूम को कुत्ते ने नोंचा, घायल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मलिहाबाद में मोटर साइकिल व साइकिल सवारों को दौड़कर कर रहे हमला कुत्तों के हमले से गिरकर चोटिल हो रहे लोग मलिहाबाद, संवाददाता। मलिहाबाद के गांवों व कस्बे के विभिन्न मोहल्लों में आवारा कुत्तों से लोग परेशान हैं। आये दिन कुत्ते लोगों को काट रहे हैं। वहीं साइकिल व मोटर साइकिल सवारों को दौड़ाकर उन्हें अपना शिकार बना रहे हैं। कुत्तों के दौड़ाने से कई मोटर साइकिल सवार गिरकर चोटिल हो चुके हैं। शीतलनटोला निवासी अरुण कश्यप रविवार रात मोटर साइकिल से घर लौट रहे थे। नीबू बाग के पास अचानक कुत्तों ने हमला बोल दिया। इस दौरान गाड़ी का संतुलन बिगड़ा और वह गिरकर चोटिल हो गये।

रविवार को ही महदोईया गांव का आयुष (7) घर के बाहर खेल रहा था। कुत्ते ने उस पर हमलाकर दिया। शरीर पर कई जगह काट लिया। परिजन उसे लेकर एक निजी अस्पताल ले गए। वहीं दो दिन पहले खडता निवासी रामकिशोर साइकिल से गांव जा रहे थे। उसी दौरान दतली मोड़ के पास अचानक कुछ कुत्तों ने हमला बोल दिया। वह साइकिल से गिर पड़े। आसपास खड़े लोगों के शोर मचाने पर कुत्ते किसी तरह भागे। मलिहाबाद के गांवों में कुत्तों की भरमार लोगों ने बताया कि मलिहाबाद कस्बे समेत विभिन्न गांवों में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। पहले राह चलते बच्चों पर हमलावर थे, अब रास्ते से गुजरने वाले बाइक और साईकिल सवार इनके शिकार बन रहे हैं। मलिहाबाद के गावों मे आवारा कुत्तों की भरमार है। गलियों पशु आश्रय स्थलों और बाजार के आस पास मौजूद कुत्ते अचानक से हमलावर होकर लोगों को काट रहे हैं। मोटरसाइकिल व साइकिल सवारों को दौड़ा लेते हैं। जिससे कई बार गाड़ी अनियन्त्रित होकर गिर जाती है। मलिहाबाद सीएचसी में हर रोज आ रहे 30 से 45 मामले मलिहाबाद बाद सीएचसी में इधर प्रतिदिन औसतन 30 से 45 लोग कुत्तों का शिकार होकर वैक्सीन लगवाने पहुंच रहे हैं।

## रेलवे लाइन पर नवजात बच्ची का शव मिला

लखनऊ। काकोरी में रेलवे लाइन किनारे नवजात बच्ची का शव पड़ा मिला है। घटना की सूचना पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमर्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर सुरेश सिंह ने बताया कि भपटामऊ के पास रेलवे लाइन के पास किनारे कंबल में लिपटा हुआ नवजात बच्ची का शव मिला था। रेलकर्मियों ने पुलिस को सूचना दी थी। रात के अंधेरे में कोई अज्ञात नवजात के शव को फेंक गया था। जीआरपी को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर जांच पड़ताल की जा रही है

## 40 क्विंटलसरिया बरामद

लखनऊ। बख्शी का तालाब पुलिस ने चोरी गयी 40 कुन्तल चोरी की सरिया बरामद कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियोंने बताया कि थाना बीकेटी क्षेत्रान्तर्गत शिवतरन ट्रेडर्स दुकान से 40 कुन्तल सरिया चोरी करने के संबंध में 28 जनवरी को रामसनेही यादव ने मुकदमा दर्ज कराया गया था।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०

अधीक्षण अभियन्ता (तकनीकी), जानकीपुरम क्षेत्र, लखनऊ

ई–निविदा सूचना — वि०आ०सं०–261 दिनांक 02.02.2026

1.09/SE/TECH/JZ/2025–26 अधिशासी अभियन्ता 11 के0वी0 एवं एल० टी० जानकीपुरम् के 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र. साढामऊ, मामपुरबाना व बौरूमऊ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत स्थापित विभिन्न क्षमता के क्षतिग्रस्त परितर्वकों की दुलाई व स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 25000.00

2.10/SE/TECH/JZ/2025–26 अधिशासी अभियन्ता 11 के0वी0 एण्ड एल०टी० जानकीपुरम् के 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, इटौंजा, कठवारा व कुम्हरावाँ के कार्यक्षेत्रान्तर्गत स्थापित विभिन्न क्षमता के क्षतिग्रस्त परितर्वकों की ढुलाई व स्थापना का कार्य, ई–निविदा प्रपत्र शुल्क रू0 3540.00 धरोहर राशि रू0 25000.00

ई–निविदा की अन्तिम तिथि 17 फरवरी 2026

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट "https://etender.up.nic.in" पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें वेबसाइट पर प्रदर्शित की जायेगी।

